संख्या–321 / 26–ब0प्र0–2011–2 / 3(34) / 2010

प्रेषक,

सत्येन्द्र कुमार सिंह
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

सम्बन्धित अधिशासी अभियंता,
लघु सिंचाई खण्ड,
उत्तर प्रदेश।

बजट प्रकोष्ठ समाज कल्याण

लखनऊ : दिनांक : 13 अप्रैल,2011

विषय– चालू वित्तीय वर्ष 2011–12 के अन्तर्गत आयोजनागत पक्ष में एस0सी0एस0पी0 के अधीन जिला योजना के अन्तर्गत मध्यम गहरे नलकूप योजना हेतु बजट प्राविधान के सापेक्ष धनराशि का आवंटन (जिला योजना)।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक् मुख्य अभियंता, लघु सिचांई विभाग के पत्र संख्या–09 / ल0सिं0 / बजट–SCSP-TSP / 2011–12, दिनांक 01–4–2011 एवं वित्त (आय–व्ययक) अनुभाग–1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या–बी–1–901 / दस–2011–231 / 2011, दिनांक 21–3–2011 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2011–12 में मध्यम गहरे नलकूपों की योजना के अन्तर्गत एस0सी0एस0पी0 में कृषकों के लिए प्राविधानित धनराशि रू0–3,40,00,000 / – (रूपया तीन करोड़ चालीस लाख मात्र) के सापेक्ष 50 प्रतिशत धनराशि रू0 1,70,00,000 / – (रू0 एक करोड़ सत्तर लाख मात्र) का आवंटन संलग्न विवरणानुसार महामहिम राज्यपाल आपके निस्तारण पर रखे जाने की सहर्ष स्वीकृति निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते है :–

(1) प्रश्नगत अवमुक्त धनराशि वित्तीय वर्ष 2011–12 अनुसूचित जाति लाभार्थियों के लिए एस0सी0एस0पी0 मानक के अनुरूप व्यय की जायेगी।

(2) उपर्युक्त धनराशि के आहरण, व्यय एवं प्रबन्धन में वित्त (आय–व्ययक) अनुभाग–1 के उपर्युक्त कार्यालय ज्ञाप–बी–1–901 / दस–2011–231 / 2011, दिनांक 21–3–2011 में विनिदिर्ष्ट किये गये समस्त अनुदेशों एवं सुसंगत वित्तीय नियमों / प्राविधानों / शासनादेशों का अनुपालन अक्षरशः अवश्यमेव सुनिश्चित किया जाय।

(3) यह धनराशि चालू वित्तीय वर्ष 2011–12 के अन्तर्गत आयोजनागत पक्ष में एस0सी0एस0पी0 में जिला सेक्टर की योजनाओं के अधीन मध्यम गहरे नलकूपो का निर्माण की योजना हेतु अनुदान पर व्यय हेतु है। अवमुक्त धनराशि को किसी ऐसे मद पर कदापि व्यय न किया जाय,

जिसके लिए वित्तीय हस्त पुस्तिका तथा बजट मैनुअल एवं शासन के अस्थाई आदेशों के अन्तर्गत शासन या सक्षम अधिकारी की स्वीकृति आवश्यक हो, ऐसा व्यय शासन/सक्षम अधिकारी की पूर्व स्वीकृति व सहमति प्राप्त करने के उपरान्त ही किया जाय।

(4) अवमुक्त धनराशि से किसी भी दशा में अधिक व्यय न किया जाय तथा समस्त व्यय सम्बन्धित शासनादेशों तथा शासन के अस्थाई नियमों में उल्लिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन ही किया जाय।

(5) आपको पुनः स्पष्ट किया जाता है कि अतिरिक्त धनराशि की प्राप्ति की प्रत्याशा में अनाधिकृत एवं अधिक व्यय कदापि न किया जाय तथा व्यय अवमुक्त धनराशि तक ही सीमित रखा जाय। व्यय में की गयी किसी भी अनियमितता के लिए आहरण एवं वितरण अधिकारी व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगें। अवमुक्त धनराशि को यथाशीघ्र सम्बन्धित खण्डीय अधिशासी अभियंता को आवंटित करते हुए शासन को भी अवगत कराने का प्रबन्ध करें।

(6) प्रत्येक बोरिंग के साथ ही कम से कम 25 पेड़ किसान स्थानीय स्तर पर अपने लिए उपयोगी समझे, लगाये जाने की भी व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाय।

(7) वित्तीय वर्ष 2011–12 की जिला योजना का जनपदवार परिव्यय अभी प्राप्त नही हुआ है परन्तु विभागीय योजनाओं के कियान्वयन का उपयुक्त समय अप्रैल, मई व जून माह है। अतः गत वर्ष 2010–11 की जिला योजना के आवंटन को आधार मानते हुए 50 प्रतिशत धनराशि की ही स्वीकृति निर्गत की जा रही है। शेष 50 प्रतिशत धनराशि का आवंटन करते समय जनपदवार प्राप्त परिव्यय को देखते हुए स्वीकृति धनराशि को समायोजित करते हुए आवंटन किया जायेगा।

(8) यह व्यक्तिगत रूप से सुनिश्चित कर लिया जाय कि अवमुक्त धनराशि के प्रत्येक बिल पर सही, सम्पूर्ण, मुख्य, लघु, उप एवं विस्तृत लेखा शीर्षक अंकित किया जाय और प्रत्येक बिल के ऊपर दाहिनी ओर लाल स्याही से आयोजनागत, शब्द अवश्य लिखा जाय अन्यथा महालेखाकार कार्यालय में सही बुंकिग में बाधा होगी।

(9) विभिन्न अनुदानों के अन्तर्गत बजट में प्राविधानित धनराशि का आवंटन एवं आवंटित/वितरित धनराशि के समक्ष किये गये व्यय पर नियंत्रण के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या–बी–1–1195/दस–16/94, दिनांक 06 जून, 1994 द्वारा निर्गत निर्देशों का कड़ाई के साथ अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

(10) अवमुक्त धनराशि के समक्ष किए गये व्यय के निम्नलिखित व्ययों को निर्धारित रूप पत्रों में उनके सम्मुख अंकित तिथियों तक मुख्य अभियंता, लघु सिंचाई विभाग को आगामी माह की 05 तारीख तक निश्चित रूप से उपलब्ध करायें जायें।

1– मासिक व्यय विवरण	आगामी माह की 05 तारीख तक
2– प्रारम्भिक व्याधिक तथा बचत विवरण	15–10–2011 तक
3– व्ययाधिक तथा बचत का अंतिम विवरण	15–12–2011 तक
4– वर्ष 2011–12 के आवंटन का अंतिम लेखा	15–02–2012 तक

विवरण (पुनर्विनियोग का प्रस्ताव) यदि कोई हो

5– आवंटन का समर्पण 15–03–2012 तक

नोट :– दिनांक 15–03–2012 के बाद कोई भी समर्पण स्वीकार नहीं किया जायेगा।

(12) तत्सम्बन्धित व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2011–12 के अन्तर्गत अनुदान संख्या–83 के अधीन "लेखा शीर्षक–2702–लघु सिंचाई–02–भूजल–789–अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना–04–एलूबियम क्षेत्रों में मध्यम गहरे नलकूपों का निर्माण–27–सब्सिडी" के नामे डाला जायेगा।

3. यह आदेश वित्त (आय–व्ययक) अनुभाग–1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या–बी–1–901/दस–2011–231/2011, दिनांक 21–3–2011 में निहित व्यवस्था के अधीन निर्गत किये जा रहे है।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय,

(सत्येन्द्र कुमार सिंह)
संयुक्त सचिव।

संख्या– 321 (1)/26–ब0प्र0–2011, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को संलग्नक सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– महालेखाकार, (लेखा एवं हकादारी) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2– महालेखाकार, (लेखा–परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
3– प्रमुख सचिव/सचिव, लघु सिंचाई विभाग।
4– मुख्य अभियंता, लघु सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
5– सम्बन्धित अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई वृत्त।
6– सम्बन्धित जिलाधिकारी ।
7– सम्बन्धित मुख्य विकास अधिकारी/अतिरिक्त जिला अधिकारी (विकास)/जिला विकास अधिकारी ।
8– सम्बन्धित सहायक अभियंता, लघु सिंचाई विभाग ।
9– सम्बन्धित कोषाधिकारी ।
10–राज्य योजना आयोग अनुभाग–3, उत्तर प्रदेश शासन।
11–वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग–2/3, उत्तर प्रदेश शासन।
12–वित्त (आय–व्ययक) अनुभाग–1/2, उत्तर प्रदेश शासन।
13–निदेशक, सूचना एवं विशेष कार्याधिकारी सूचना, मुख्यमंत्री (श्री जमील अख्तर)।
14–एन0आई0सी0 की प्रति।
15–गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(उमा शंकर सिंह)
अनु सचिव।

संख्या-321/26-ब0प0/2011-2/3(34)/10

चालू वित्तीय वर्ष 2011-12 के अन्तर्गत अनुदान सं0-83 के अधीन लेखाशीर्षक 2702-लघु सिंचाई-02-भूजल-789-अनुसूचित जातियों के लिये विशेष घटक योजना-04-एलूवियम क्षेत्रों में मध्यम गहरे नलकूपों का निर्माण-27-सब्सिडी में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष अवमुक्त धनराशि का विवरण।

(लाख रू0 में)

क्र0सं0	जनपद का नाम	प्रस्तावित परिव्यय	बजट प्राविधान	अवमुक्त की जाने वाली धनराशि
1	2	3	4	5
1	आगरा	6.80	6.80	4.25
2	मथुरा	11.05	11.05	5.95
3	बरेली	18.70	18.70	10.20
4	शाहजहांपुर	0.85	0.85	0.00
5	मुरादाबाद	8.50	8.50	4.25
6	ज्योतिबा फुले नगर	7.65	7.65	4.25
7	बिजनौर	1.70	1.70	0.00
8	लखनऊ	0.85	0.85	0.00
9	रायबरेली	14.45	14.45	7.65
10	उन्नाव	14.45	14.45	7.65
11	छ0शा0जी0 म0नगर	4.25	4.25	2.55
12	कानपुर नगर	4.25	4.25	0.00
13	रमाबाईनगर	4.25	4.25	0.00
14	इटावा	16.15	16.15	8.50
15	फर्रूखाबाद	5.95	5.95	0.00
16	औरैया	37.40	37.40	21.25
17	कन्नौज	1.70	1.70	0.00
18	इलाहाबाद	11.05	11.05	5.95
19	कौशाम्बी	18.70	18.70	10.20
20	फतेहपुर	39.10	39.10	21.25
21	सुल्तानपुर	1.70	1.70	0.00
22	जालौन	79.90	79.90	40.80
23	बॉदा	1.70	1.70	0.00
24	हमीरपुर	28.90	28.90	15.30
	योग--	**340.00**	**340.00**	**170.00**

(रूपया एक करोड़ सत्तर लाख मात्र)

(उमा शंकर सिंह)
अनु सचिव।